हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 41.6 डिग्री
न्यूनतम 25.5 डिग्री

11 उचाना में धूमधाम से मनाई जाएगी भक्त धन्ना...



12 अधिकारी कांग्रेसी सांसद जेपी से बोले, नीति ...



## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के छठे आरोपी को जांच में किया शामिल

**हांसी।** थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने ऑन लाइन यूट्यूब पर भैंस खरीदने के बहाने 5 लाख 87 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले छठे आरोपी पंजाब के अटाला निवासी समनप्रीत को जांच में किया है। जांच में शामिल किए गए आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर 3. सितंबर 2024 को सिंघवा खास निवासी मालेराम की यूट्यूब पर पशु खरीदने के बहाने घोड़ा-घोडी का सौदा करने के बहाने से 5 लाख 87 हजार रुपये की धोखाधड़ी की थी।

### जर्मनी भेजने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**मंडी आदमपुर।** पुलिस ने जर्मनी भेजने के नाम पर की गई ठगी मामले में एक नामजद आरोपी भोड़िया बिश्नोइयान निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से ठगी गई धनराशि में से 70 हजार रुपये बरामद किए है। आदमपुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक हरीश चंद्र ने बताया कि गांव महलसरा निवासी विजेंदर और सुरेंद्र ने दो नामजद आरोपियों भोड़िया बिश्नोइयान निवासी पवन कुमार और राम के खिलाफ जर्मनी भेजने के नाम पर लगभग 26 लाख रुपये की ठगी करने के बारे में शिकायत दी थी।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें बरवाला के खरबला निवासी सौरभ और हिसार के आदर्श नगर निवासी सुमित शामिल हैं। पुलिस ने इनसे चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है।

### साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

**हिसार।** साइबर थाना पुलिस ने जहाजपुल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में साइबर जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को साइबर अपराध की जानकारी देकर उनको बचाव के तरीके बताए। साइबर थाना की अलग-अलग टीमों ने स्कूल कॉलेज में इसी अपराध से जुड़ी जानकारी देकर युवाओं, शिक्षकों और आमजन को जागरूक कर रही है।

### बड़े भाई के परिवार पर किया हमला

**हांसी।** उत्तम नगर कॉलोनी में छोटे भाई ने अपने बेटों व पत्नी के साथ मिलकर अपने बड़े भाई के परिवार पर हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। परिवार पर हमला किए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग-अलग किया। उत्तम नगर कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय विजयदीप की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

## कुछ माह पहले ही जेल से छूटकर आया था, 19 को थी पेशी

# पुरानी रंजिश में चाकू व गोली मारकर युवक की हत्या

*हमलावर पक्ष के युवक को भी लगी गोली अस्पताल में भर्ती*

मृतक की मां ने पांच युवकों पर बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर में दो गुटों की पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की चाकू व गोली मारकर हत्या कर दी गई। झगड़े में हमलावर पक्ष के एक युवक को भी गोली लगी बताई गई है, जिसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना के दौरान अन्य युवक भी मौके पर मौजूद थे, जो युवक की मौके पर ही मौत होने के बाद फरार हो गए। मृतक की मां ने पांच युवकों पर उसके बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। मृतक की पहचान महता नगर निवासी करीब 20 वर्षीय आकाश उर्फ बच्ची के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक वह आठ-नौ माह पहले ही झगड़े के एक मामले में जेल से छूटकर आया था। इसके अलावा गोली लगने से घायल युवक रमन इंदिरा कॉलोनी का रहने वाला है।

पुलिस ने मृतक युवक आकाश के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा वहीं घायल युवक रमन को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक और घायल युवक के बीच पुरानी रंजिश चल रही है। बुधवार की रात दोनों पक्ष सब्जी मंडी वाले पुल के निकट इकट्ठा हुए थे, जहां चाकूबाजी और फायरिंग हुई। पुलिस उन युवकों की भी तलाश कर रही है, जो उस झगड़े के वक्त मौजूद थे। मृतक आकाश मूल रूप से बिहार का रहने वाला था।

वह अपनी मां शीला देवी के साथ मेहता नगर में किराए के मकान में रहता था। उसकी मां साफ-सफाई का काम करती हैं। आकाश के पिता की मृत्यु हो चुकी है। मृतक की मां शीला ने बताया कि उसके दो बेटे है, बड़ा अगस्त और छोटा आकाश। बड़ा बेटा दादा-दादी के पास गांव में रहता है जबकि छोटा आकाश मेरे पास।





हिसार। मौके पर मिला चाकू, जिससे युवक पर वार किए गए व मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मचारी पूछताछ करते हुए। फोटो : हरिभूमि



विलाप करती मृतक युवक की मां शीला।

### मां शीला हुई बेसुध

बुधवार की रात को उसका बेटा आकाश अपने दोस्त के साथ बाइक पर घर से निकला था। देर रात तक आकाश घर नहीं आया लेकिन गुरुवार सुबह चार बजे उसे सूचना मिली कि आकाश का शव सब्जी मंडी के पुल के पास पड़ा हुआ है। वह मोहल्ले के लोगों के साथ तुरंत मौके पर पहुंची। शीला देवी ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंची तो उसकी बेटे की मौत हो चुकी थी। शरीर पर चाकू के वार थे। इसके अलावा सिर में गोली मारी गई थी। जमीन पर खून ही खून फैला था। पास में ही चाकू पड़ा था। मौका ए वारदात का यह दृश्य देख वह बेसुध हो गई। साथ आए लोगों ने उसे संभाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। साथ ही शव को पोस्टमॉर्टम के भेजा। पुलिस ने मौका ए वारदात पर पड़े चाकू को भी कब्जे में ले लिया।

### मृतक और हमलावरों से भी रंजिश

एचटीएम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन ने बताया कि मृतक आकाश और हमलावरों के बीच पुरानी रंजिश थी। इस मामले में कोर्ट में केस भी चल रहा था। दो दिन बाद 19 अप्रैल को ही आकाश की कोर्ट में पेशी थी। घटना रात करीब 1:30 बजे की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आकाश की मां की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने दावा किया कि आरोपियों को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा।

### आठ-नौ माह पहले ही जेल से छूट कर आया था आकाश

पुलिस की जांच में सामने आया है कि मृतक युवक आकाश उर्फ बच्ची आपराधिक प्रवृत्ति का था। उसके कई लोगों से विवाद चल रहे थे। आठ-नौ माह पहले ही वह जेल से छूट कर आया था। उसकी मां ने बताया कि आकाश ज्यादातर घर से बाहर ही रहता था। घर पर कम ही आता था। बुधवार की रात वह घर आया था, इसी दौरान दोस्त के साथ बाइक से निकला था। उधर, गोली लगने से घायल हुए रमन भी झगड़ालू किस्म का है।

### बुधवार शाम को भी हुआ था झगड़ा

मृतक की मां शीला देवी ने बताया कि बेटे आकाश का डबल फाटक के पास इंदिरा नगर के रहने वाले रमन के साथ झगड़ा चल रहा था। बुधवार की शाम को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। आरोप है कि रमन ने ही अपने साथी जीतू, करण, मुक्की, दिनेश के साथ मिलकर उसके बेटे की चाकू और गोली मारकर हत्या की है। उसने बेटे के हत्यारोपियों के खिलाफ पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मृतक की मां के बयान दर्ज कर लिए हैं।

## आग लगने से जलती गेहूं



# बिजली के तारों से निकली चिंगारी से गेहूं के खेत में लगी आग

- चार एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल स्वाहा, काफी देर बाद पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हवेली होटल के सामने बिजली के तारों से निकली चिंगारी से गेहूं के खेत में आग लग गई। आग से चार एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। गेहूं के खेत लगी आग को देख आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी और फसल में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया लेकिन तब तक गेहूं की चार एकड़ फसल जलकर राख हो चुकी थी।

ढाणी कुतुबपुर निवासी किसान बंसीलाल ने बताया कि उसने हवेली होटल के सामने खेती करने के लिए जमीन ठेके पर ले रखी है। गुरुवार दोपहर को वह खेत पर मौजूद था और बेसहारा पशुओं से अपने खेत की रखवाली कर रहा था। तभी पास से गुजरने वाली बिजली की लाइन से निकली चिंगारी से खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। और देखते ही देखते आग ने रौद्र रूप धारण कर लिया। बंसीलाल ने बताया कि खेत में लगी आग को आसपास के लोग बाल्टियां व अन्य बर्तन लेकर मौके पर पहुंच पास से गुजर रही नहर से पानी भर कर फसल में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि फायर ब्रिगेड को सूचित करने के कुछ देर बाद ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और गेहूं में आग पर काबू पाया। बंसी लाल ने बताया कि जब तक फायर ब्रिगेड व लोगों ने आग पर काबू पाया तब तक उसकी चार एकड़ में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई जिससे उसे ढाई लाख रुपए से अधिक का नुकसान हो गया। बंसी लाल ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सूचना मिलने के कुछ देर बाद ही उसके खेत में पहुंच गई और फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पा लिया अन्यथा हादसा और नुकसान बड़ा हो सकता था क्योंकि आस-पास कई एकड़ में गेहूं की फसल खड़ी हुई थी।

### आग पर काबू पाया

फायर ब्रिगेड कर्मचारी सुनील ने बताया कि जैसे ही उन्हें गेहूं के खेत में आग लगने की सूचना मिली उसके बाद वह तुरंत ही दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, वरना हादसा बड़ा हो सकता था।

# इनामी 5वां आरोपी मुंबई से गिरफ्तार

- जून 2023 में हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हुआ आरोपी दुबई पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

पुलिस ने टोहाना-सुरेवाला रोड स्थित होटल संचालक हत्या मामले में पांच हजार रुपये के इनामी पांचवें आरोपी भीमेवाला निवासी अजय को गिरफ्तार कर लिया है। उकलाना थाना में 18 जून 2023 को हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में उक्त आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया गया है।

थाना प्रभारी उप निरीक्षक अमित कुंडू ने बताया कि होटल संचालक मृतक जींद जिले के जुल्हेडा, निवासी बलवान सिंह टोहाना सुरेवाला रोड पर शिव स्टार नाम से होटल चलाता था और वह शराब के ठेकों का भी काम करता था। मामले में पहले से गिरफ्तार आरोपी सुरेंद्र सिंह ने भी अपने गांव भीमेवाला के नजदीक शराब के ठेके ले रखे थे।

सुरेंद्र सिंह, बलवान सिंह पर शक करता था कि वह अपने होटल में बाहर से शराब लाकर बेचता है। इसी रंजिश में 18 जून 2023 को आरोपी सुरेंद्र सिंह, मनोज, अजय, रणधीर और हाल ही में मुंबई से गिरफ्तार किए गए अजय ने होटल पर आकर बलवान सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी।



उकलाना। मुंबई से पकड़ा गया हत्या मामले का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### डिलीवरी बॉय का काम करता था आरोपी

थाना प्रभारी उप निरीक्षक अमित कुंडू ने बताया कि उपरोक्त आरोपी अजय, बलवान सिंह की हत्या वारदात में शामिल था। वारदात के उपरांत आरोपी अलग अलग जगह पर छिपता रहा और दुबई भाग गया। वह वहां डिलीवरी बॉय का काम करता था। पुलिस ने आरोपी के नोटिस जारी करवाए और उसे मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पहले चार आरोपियों सुरेंद्र, मनोज, अजय और रणधीर को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# सिसाय गांव में निर्माणाधीन जलघर पर सीएम फ्लाइंग टीम ने रेड की

- घटिया निर्माण सामग्री की मिली थी शिकायत, निर्माण सामग्री के 7 सैंपल लैब भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

प्रदेश के सबसे गांव सिसाय में निर्माणाधीन जलघर में सीएम फ्लाइंग टीम ने रेड की। रेड के दौरान टीम ने जलघर के निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री के सैंपल लिए गए। टीम द्वारा लिए गए सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा गया है और लैब से रिपोर्ट आने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सीएम फ्लाइंग टीम में शामिल एसडीओ आशीष कुमार ने बताया कि सीएम फ्लाइंग टीम को ग्रामीणों द्वारा पिछले कई दिनों से सिसाय गांव निर्माणाधीन जलघर में निम्न स्तर की सामग्री प्रयोग किए जाने की सूचनाएं मिल रही थी। सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार को हिसार सीएम फ्लाइंग टीम ने सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, राजेश कुमार एसडीओ पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन हिसार, एसडीओ आशीष कुमार और जेई अमित कुमार पब्लिक हेल्थ हांसी की टीम गठित कर निर्माण में प्रयोग सामग्री की जांच मौके का निरीक्षण किए जाने के आदेश दिए थे। उन्होंने बताया कि सीएम फ्लाइंग टीम ने मौके पर पहुंच निर्माणाधीन जलघर में निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री के 7 सैंपल लिए और लिए गए सैंपल को जांच हेतु चंडीगढ़ लैब भेजें गए हैं। अगर लैब रिपोर्ट में निर्माण सामग्री मे अनियमितता या निम्न श्रेणी की सामग्री की पुष्टि होती है, तो संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है।



हांसी। सिसाय में निर्माणाधीन जलघर से सैंपल लेती सीएम फ्लाइंग की टीम।

### सैंपल लिया

उधर निर्माणाधीन जलघर पर सीएम फ्लाइंग की रेड की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों का कहना था कि गांव में बनाए जा रहे जलघर में घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग किए जाने की लंबे समय से आवाज उठा रहे थे, लेकिन अब जाकर प्रशासन ने इस मामले में संज्ञान लिया और जलघर के निर्माण में प्रयोग की जा रही निम्न स्तर की सामग्री के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया है। गौरतलब है कि सिसाय गांव में जल घर का निर्माण लगभग 5 महीने पहले शुरू हुआ था। जिसका बजट 12 करोड रुपये है। विभाग द्वारा ठेकेदार को 60 प्रतिशत के करीब राशि जारी की जा चुकी है।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ माकपा का डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन

- युवाओं के लिए उचित रोजगार की व्यवस्था की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बढ़ती महंगाई, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, बिजली के रेट्स में बढ़ोतरी और रोजगार के मुद्दों पर खाली गैस सिलेंडर लेकर माकपा के अखिल भारतीय आह्वान के तहत गुरुवार को शहरी कमेटी ने उपायुक्त कार्यलय के समक्ष धरना देकर रोष प्रदर्शन किया धरने की अध्यक्षता कामरेड चंदगी राम ने की और संचालन शहर कमेटी सचिव शकुंतला ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए पार्टी जिला सचिव कामरेड दिनेश सिवाच ने कहा कि चुनावों में लोकलुभावन नारों के बलबूते सत्ता में आई भाजपा सरकार लगातार बिजली, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी कर रही है। प्रदर्शन में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने, बढ़े बिजली के रेट्स और रसोई गैस के बढ़ाए रेट्स वापिस लेने, पेट्रोल डीजल की कीमतों में कटौती करने और युवाओं के लिए उचित रोजगार की व्यवस्था की मांग की गई। धरने को निर्मला देवी, सुरेश कुमार, ओम प्रकाश सैनी, लीलू राम, मुकेश कुमार, मनोज सोनी, अतर सिंह, पूर्व कर्मचारी नेता अनिल शर्मा, नरेश गौतम ने संबोधित किया।




हिसार। बढ़ती महंगाई के खिलाफ डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करते माकपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## भराली नदी में एक सिविलियन को डूबने से बचाने के प्रयास में वीरगति को प्राप्त हुए थे रोहिल

# पंचतत्व में विलीन हुए गांव भिवानी रोहिल्ला के जवान सचिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के गांव भिवानी रोहिल्ला के जवान सचिन रोहिल को सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव भिवानी रोहिल्ला में अंतिम विदाई दी गई। जवान सचिन रोहिल असम के सोनितपुर जिले के भालुकपोंग में भराली नदी में एक सिविलियन को डूबने से बचाने के प्रयास में वीरगति को प्राप्त हुए थे।

विधायक रणधीर पनिहार, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के प्रतिनिधि के तौर पर युवा भाजपा नेता संजीव गंगवा, फ्लाइट लेफ्निंट अनुभूति भारद्वाज, जिला प्रशासन की तरफ से तहसीलदार अनिल बिढान ने शहीद सचिन रोहिल को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद सचिन रोहिल के छोटे भाई सागर ने गुरुवार को बताया कि सचिन भारतीय वायुसेना में 11 एयर विंग में असम के जिला तेजपुर में तैनात थे। उन्होंने बताया कि सचिन किसी सिविलियन को बचाने के लिए नदी में कूद गए थे। सागर ने बताया कि सचिन रोहिल का जन्म 23 मार्च 2002 को हुआ था। सचिन वायु सेना में एक जनवरी 2020 को भर्ती हुआ था। शहीद सचिन रोहिल अपने पीछे मां तथा भाई को छोड़ गए है। उनके पिता की एक सड़क दुर्घटना में पहले ही मृत्यु हो चुकी है।

शहीद सचिन रोहिल को वायु सेना और हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार पर तेजपुर असम के वारंट अधिकारी मुकनाराम चौधरी, वायु सेना के जूनियर वारंट अधिकारी सतीश कुमार, हरियाणा पुलिस के सब-इंस्पेक्टर नसीब खान, जिला सैनिक बोर्ड के सूबेदार सोमबीर, संतलाल, कर्ण सिंह ढाका, एच चौधरी, जिला प्रशासन की तरफ से तहसीलदार अनिल कुमार बिढान, भूपसिंह खीचड़, सरपंच बलजीत रोहिल, शमीम शर्मा, नीलम प्रभा, भारत भूषण शर्मा, नरेश नैन सहित आसपास क्षेत्र के गांवों के सरपंच, गणमान्य नागरिक, पूर्व सैनिक व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।





हिसार। शहीद सचिन रोहिल को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देते विधायक रणधीर पनिहार, फ्लाइट लेफ्निंट अनुभूति भारद्वाज तथा तहसीलदार अनिल बिढान व वायु सेना और हरियाणा पुलिस की टुकड़ी शहीद सचिन रोहिल को सैनिक सम्मान देते हुए। फोटो : हरभूमि

बच्चो, क्या तुम जानते हो हम सब जिस पृथ्वी पर रहते हैं, वो कितनी विविधताओं से भरी हुई है? इसकी विविधताएं ही इसे सौर मंडल का सबसे अनूठा ग्रह बनाती है। लेकिन हम इंसानों की लापरवाही से इस पर कई तरह के संकट बढ़ रहे हैं, इसका स्वरूप बिगड़ रहा है। हमारी धरती हमेशा हरी-भरी रहे, इसके लिए हमें जागरूक होना होगा।

# हमेशा हरी-भरी रहे हमारी पृथ्वी








जागरूकता
देवेंद्र मेवाड़ी

बच्चो, पृथ्वी के बारे में हम तुम्हें कुछ रोचक बातें बताएं, इससे पहले आओ, जरा आसमान से अपनी प्यारी पृथ्वी पर नजर डालते हैं। देखें तो सही वहां से यह कैसी दिखती है? ओह, दूर अंधेरे में कितनी सुंदर लगती है हमारी प्यारी पृथ्वी! चमकीला नीला गोला, उस पर फैले घुंघराले श्वेत बादल, नीचे भूरे, हरे, हल्के पीले महाद्वीप, बर्फ से ढंके उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव। नीला मणि-सी चमकती पृथ्वी का यह नीला रंग इसके विशाल नीले महासागरों के कारण दिखाई देता है।

### विविधताओं से भरी

हमारे प्राचीन ग्रंथों में पृथ्वी को मां कहा गया है। सूर्य से दूरी के हिसाब से यह सौर मंडल का तीसरा ग्रह है। यह एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिस पर जीवन है। हमारी पृथ्वी अपने आप में बहुत-सी विविधताओं को समेटे हुए है। इसमें कहीं ऊंची पर्वतमालाएं हैं तो कहीं दूर-दूर तक फैले मैदान, कहीं गहरी घाटियां हैं तो कहीं विशाल रेगिस्तान। कहीं हरे-भरे जंगल, तो कहीं विशाल दलदल। कहीं सदानीरा नदियां बहती हैं तो कहीं ऊंचे पहाड़ों से छल-छल झरने गिरते हैं। कहीं भीषण गर्मी पड़ती है तो कहीं कड़ाके की सर्दी। कहीं घनघोर वर्षा होती है तो कहीं बारिश का नामो-निशान नहीं होता।

### इसलिए मौसम में होती है भिन्नता

हमारी पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। साथ ही यह लगातार घूमती रहती है। जब यह अपनी धुरी पर घूमती है तो घूमते हुए लट्टू की तरह अंडाकार कक्षा में सूर्य की परिक्रमा भी करती है। इस सब का नतीजा यह होता है कि पृथ्वी के हर हिस्से पर साल भर सूर्य की रोशनी एक समान नहीं पड़ती। इसीलिए पृथ्वी की भूमध्य रेखा के आस-पास के हिस्सों में मौसम बेहद गर्म होता है। ज्यों-ज्यों हम उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ते हैं तो तपन कम होने लगती है और मौसम ठंडा लगने लगता है। और ध्रुवों पर तापमान न्यूनतम हो जाता है। ये हमारी पृथ्वी की जलवायु के विविध रंग हैं।

### बिगड़ रहा है ऋतु चक्र

आज से कुछ दशक पहले तक अपने सही समय पर ऋतुएं बदलती थीं। समय पर वसंत आता था। मई-जून में गर्मी पड़ती थी, फिर वर्षा ऋतु आती थी। उसके बाद हेमंत ऋतु और फिर शीत ऋतु की ठिठुरन शुरू हो जाती थी। ऋतुओं के हिसाब से किसान खेती करते थे, बोआई और कटाई के उत्सव मनाते थे। पशु-पक्षी भी ऋतुओं के हिसाब से अपनी लंबी प्रवास यात्राएं करते थे या ठंडे प्रदेशों में गुफाओं, कोटरों और बिलों में सो जाते थे। नन्ही तितलियां वसंत के इंतजार में प्यूपा बन कर किसी टहनी, चट्टान या दीवार से लटक जाती थीं कि वसंत आएगा और वे पंख फड़फड़ा कर मधु और पराग चूसने के लिए फूलों के पास पहुंच जाएंगी। नदियां कल-कल बहा करती थीं, हरे-भरे जंगल ठंडी बयार बहाकर हमारी सांसों के लिए भरपूर मात्रा में प्राणवायु ऑक्सीजन दिया करते थे। जलवायु के साथ हर जीवधारी का संबंध हुआ करता था। लेकिन अब यह संबंध भी गड़बड़ा गया है। वसंत समय पर नहीं आता तो फूल भी समय पर नहीं खिलते। बेमौसम और असमान रूप से बरसात होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन होने से मौसम में ये परिवर्तन हो रहे हैं। हम इंसानों की लापरवाही से ही पृथ्वी का प्राकृतिक स्वरूप और इसकी जलवायु बिगड़ रही है।

### हम निभाएं अपनी जिम्मेदारी



पृथ्वी को इन तमाम संकटों से बचाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। बच्चो, इसमें सबसे बड़ी भूमिका तुम्हारी होगी। तुम ही देश, दुनिया के भविष्य हो। तुम्हें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, इस प्यारी पृथ्वी पर हरियाली बढ़ानी होगी। जल, थल और वायुमंडल को साफ रखना होगा। तभी यह प्यारी-निराली पृथ्वी रहने लायक रहेगी। *

### चिंताजनक है ग्लोबल वार्मिंग



**प्रकृति में** आए परिवर्तन की वजह यह है कि विकास की एक ऐसी अंधी दौड़ शुरू हो गई है कि हर कहीं पेड़ों के जंगल के बजाय कंकरीट के जंगल (ढेरों मकान, भवन और ऊंची इमारतें) खड़े होने लगे हैं। हरे-भरे जंगल कटने लगे हैं और शहर फैलने लगे हैं। हम लोग यह भूल गए कि पेड़-पौधों और हरे-भरे जंगलों से ही हमें सांसें मिलती हैं। हम उनकी बनाई प्राणवायु ऑक्सीजन में ही सांस लेकर जीवित रहते हैं। इसीलिए प्रकृति ने हमारे लिए हवा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों की ठीक उतनी ही मात्रा रखी थी, जितनी हमारे सांस लेने के लिए जरूरी थी। लेकिन हरे-भरे जंगल कटने, शहरों के फैलने, सड़कों पर लाखों गाड़ियों के पेट्रोल से उत्पन्न होने वाले धुएं से हर साल लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में पहुंचने लगी। इससे वायुमंडल में प्रकृति द्वारा तय किया गया गैसों का अनुपात गड़बड़ा गया। परिणाम यह हुआ कि पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक इसे वैश्विक तपन या ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। इस तपन के कारण ध्रुवों की बर्फ पिघल रही है और ग्लेशियर भी पिघल कर सिकुड़ते जा रहे हैं। तापमान इसी तरह बढ़ता गया तो सागरों में पानी का स्तर बढ़ने से सागरतटों पर बसे शहरों के डूबने का खतरा पैदा हो जाएगा। पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का संकट बढ़ता जा रहा है। इसे रोकना होगा।

यह भी जानो / शिखर चंद जैन

# बहुत अनूठी हैं पृथ्वी की विशेषताएं



बच्चो, पृथ्वी (अर्थ) हमारे सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है, जिस पर जीवन है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु सभी इस पृथ्वी पर रहते हैं। हमारी पृथ्वी के अलावा बाकी कुछ ग्रहों पर जीवन होने की संभावनाएं तो जताई गई हैं, लेकिन अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस लिहाज से पृथ्वी सौर मंडल के अन्य ग्रहों से अलग-अनूठी है।

**कितनी पुरानी है पृथ्वी:** विभिन्न वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। नेशनल सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के वैज्ञानिकों ने चट्टानों और उल्कापिंडों की कार्बन-डेटिंग (प्राचीन वस्तुओं की उम्र पता लगाने की वैज्ञानिक विधि) करके इस अनुमानित आयु का पता लगाया है। हजारों साल तक मनुष्य यह मानता रहा कि पृथ्वी, ब्रह्मांड का केंद्र है। बाद में पता चला कि सूर्य, हमारे सौर मंडल के केंद्र में है और पृथ्वी समेत अन्य ग्रह उसके चारों ओर चक्कर लगाते हैं।




**पांचवां सबसे बड़ा ग्रह:** पृथ्वी की भूमध्यरेखीय त्रिज्या (इक्वेटोरियल रेडियस) लगभग 6,378 किलोमीटर और व्यास (डायमीटर) लगभग 12,756 किलोमीटर है, जबकि इसकी ध्रुवीय त्रिज्या (पोलर रेडियस) लगभग 6,357 किमी और व्यास लगभग 12,714 किमी है। पृथ्वी हमारे सौर मंडल का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।

**पृथ्वी की परतें:** परतों (लेयर्स) की बात करें, तो हमारी पृथ्वी को मुख्य रूप से तीन परतों में बांटा गया है- कोर, मेंटल और क्रस्ट। कोर पृथ्वी का सबसे आंतरिक भाग होता है। पृथ्वी के मध्य भाग को मेंटल कहते हैं, जबकि पृथ्वी के सबसे ऊपरी परत को क्रस्ट कहते हैं। क्रस्ट ही वह हिस्सा है, जिस पर मानव जीवन का अस्तित्व है।

**लगातार गतिशील है पृथ्वी:** बच्चो, हमारी पृथ्वी दो तरीके से गति करती है-घूर्णन (रोटेशन) और परिक्रमण (रिवॉल्यूशन)।

पृथ्वी अपने अक्ष (धुरी) पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी को अपना एक घूर्णन पूरा करने में लगभग 24 घंटे का समय लगता है। अपने अक्ष पर लगातार घूमते रहने के कारण ही पृथ्वी पर दिन और रात होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग 1667 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से घूमती है। घूर्णन के अलावा हमारी पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक दीर्घ वृत्ताकार (एलिप्टिकल) कक्षा में चक्कर भी लगाती है, जिसे परिक्रमण कहा जाता है। यह सूर्य के चारों ओर लगभग 1,07,226 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चक्कर लगाती है। सूर्य का एक चक्कर लगाने में पृथ्वी को 365.25 दिन का समय लगता है। परिक्रमण गति के कारण ही हमारी पृथ्वी पर ऋतु/मौसम परिवर्तन होता है।

**पानी का भंडार:** पृथ्वी पर जल का अथाह भंडार है। इसकी सतह का 71 प्रतिशत हिस्सा तो पानी से ही ढंका है। सिर्फ 29 प्रतिशत हिस्सा ही भूमि है। इस पानी में से केवल 3 प्रतिशत पानी ही मीठा/ताजा यानी अलवणीय और पीने योग्य है। बाकी 97 प्रतिशत पानी खारा है। पृथ्वी का लगभग 90 प्रतिशत ताजा पानी अंटार्कटिका की ध्रुवीय बर्फ के रूप में जमा हुआ है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्यारी-मनोरंजक कहानियां




बच्चो, बांग्ला भाषा की प्रसिद्ध लेखिका जया मित्र की बाल-कहानियों की किताब 'चार-पांच दोस्त' का हिंदी अनुवाद हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इसका अनुवाद किया है कल्लोल चक्रवर्ती ने। इसमें कुल चौदह कहानियां और एक नाटक संकलित है। इन कहानियों में बाग-बगीचे, फूलों वाले पेड़, नदी, पहाड़, जंगल, बारिश, चिड़िया, तितली आदि मौजूद हैं। इनके साथ नन्हे बच्चों की खिलंदड़ी हरकतें मन को लुभाती हैं। हम सभी के जीवन में प्रकृति की कितनी महत्ता है, इसे बड़े सरल ढंग से ये कहानियां बताती हैं। 'चार-पांच दोस्त', दो चिड़िया चड़ुआ-बड़ुआ, दो नन्ही बच्चियों रिया-पियाल और एक छोटे लड़के गौतम की प्यारी-सी कहानी है। 'उस बार पहाड़ में' और 'तितलियों का गांव' समेत सभी कहानियां तुम्हें अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** चार-पांच दोस्त, **लेखिका:** जया मित्र, **अनुवाद:** कल्लोल चक्रवर्ती, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले




**चिंटू :** अगर मिस्टर बीन सो जाए, तो हम उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंटू :** पता नहीं। तुम्हीं बता दो, क्या कहेंगे?
**चिंटू :** सोयाबीन।
-रमन, रायपुर

**पापा :** आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा :** अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू :** बीस नंबर।
-अमन, बिलासपुर

**कंप्यूटर टीचर :** कंप्यूटर चलाने के लिए तुम्हें सबसे पहले ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
**रोहित :** लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं।
-दीक्षा, रोहतक

## जीके क्विज-150

1. पहला 'पृथ्वी दिवस' किस वर्ष मनाया गया था?
2. 'पृथ्वी दिवस' मनाने की शुरुआत का श्रेय किसे जाता है?
3. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी ने आइपीएल क्रिकेट में एक हजार बाउंड्रीज (चौके और छक्के) लगाने का रिकॉर्ड बनाया?
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को किस देश में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया?
5. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
6. दुनिया में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान कौन-सा है?
7. किस भारतीय शहर को 'द सिटी ऑफ पैलेस' कहा जाता है?
8. लोकनायक के नाम से किन्हें जाना जाता है?
9. भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर का पहला माह कौन सा है?
10. केरल की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-150 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-149 का उत्तर :** 1.बिहार, 2.राजनाथ सिंह, 3.चंडीगढ़, 4.पोरबंदर (गुजरात), 5.प्रशांत महासागर, 6.कोलकाता में, 7.वेटिकन सिटी, 8.अकबर, 9.के-2, 10.हरिवंश राय बच्चन

**जीके क्विज-149 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, सुमन-रायपुर, संकेत-बिलासपुर, आर्यन-रोहतक, प्रज्ञा-धमतरी, राहुल-बालोद, प्रिया-महासमुंद, गौतम-दिल्ली, कनक-बलौदा बाजार, त्रिशा-राजनांदगांव



कहानी
मंजरी शुक्ला

अबीर अपने मामा जी और दोस्त हर्षित के साथ पिकनिक मनाने के इरादे से नदी किनारे आया। लेकिन तीनों नदी के आस-पास का नजारा देखकर दुखी हो गए। असल में वहां गंदगी बहुत थी। तो क्या तीनों पिकनिक का इरादा छोड़कर वापस लौट गए या वहां कुछ अनहोनी हो गई?

# मुस्कुरा उठी नदी



'तुम्हारे मामा इतनी दूर से तुमसे मिलने आए हुए हैं और तुम अपने कमरे में बैठे हुए हो!' मामा जी यह कहते हुए एकाएक अबीर के सामने आकर खड़े हो गए।

अबीर खुशी से उनसे लिपट गया, 'अरे! आप कब आ गए मामाजी?' 'आया तो अभी हूं। आज हम नदी किनारे पिकनिक मनाने चलेंगे।' मामा जी अबीर के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोले।

अबीर तुरंत बोला, 'मामा जी, मैं अपने दोस्त हर्षित के घर जाकर उसे भी ले आता हूं। वह भी हमारे साथ पिकनिक मनाने चलेगा।' थोड़ी ही देर बाद मामा जी के साथ कार में बैठकर अबीर और हर्षित पिकनिक के लिए निकल गए। दोनों मजे से मामा जी से बात करते हुए चले जा रहे थे। मामा जी ने बताया, 'मेरे गांव में नदी का पानी इतना स्वच्छ और निर्मल रहता है कि सभी लोग नदी के पास किसी घने पेड़ के नीचे बैठकर अपना सुख-दुःख बांटते हैं, प्रकृति के करीब काफी समय बिताते हैं फिर शाम तक घर लौटते हैं।'

अबीर बोला, 'अच्छा! मामा जी इसी तरह की और बातें भी हमें बताएं ना!' मामा जी ने अपने बचपन की यादों का पिटारा खोल दिया। बातों ही बातों में न जाने कितना समय निकल गया, कुछ पता ही नहीं चला।

तभी हर्षित खुशी से चिल्लाया, 'ठंडी हवा आने लगी है, मतलब हम नदी के पास पहुंच गए हैं।' मामा जी ने एक जगह रुक कर गाड़ी लॉक की और बोले, 'आज हम लोगों को बहुत मजा आएगा।' 'यहां तो एक अजीब-सी बदबू आ रही है।' अबीर ने नाक पर हाथ रखते हुए कहा। थोड़ा आगे बढ़े तो हर्षित बोला, 'लग रहा है यहां पर लोग पिकनिक मनाने नहीं बल्कि अपने घर का कूड़ा डालने के लिए आए हैं।' 'वह आंटी तो पूरा बैग भरकर प्लास्टिक और अगरबत्ती के पैकेट नदी के अंदर डाल रही हैं।' मामा जी उस ओर इशारे करते हुए बोले। 'चारों तरफ चिप्स और बिस्किट के पैकेट बिखरे पड़े हुए हैं।' हर्षित धीरे से बोला।

'हम लोग कहीं और चलकर पिकनिक मनाते हैं।' अबीर मुंह बनाते हुए बोला। हर्षित ने भी सहमति जताई, 'अबीर सही कह रहा है। हम इतनी गंदी जगह बैठ कर पिकनिक नहीं मनाएंगे। यहां बैठकर खाना-पीना दूभर हो जाएगा।'

लेकिन मामा जी तो अपने आप में खोए हुए एकटक नदी की तरफ देखे जा रहे थे। कुछ देर बाद वह बोले, 'यही नदी हमारे गांव तक भी जाती है। वहां इसका पानी इतना साफ होता है कि तुम्हें गहरे पानी की मछलियां भी तैरती हुई साफ नजर आएंगी। सच बात तो यह है कि नदी गंदी नहीं होती है। हम इंसान मिलकर उसे गंदा या साफ बनाते हैं।'

'पर हम कर भी क्या सकते हैं? अगर हम इन लोगों को समझाएंगे तो क्या ये हमारी बात सुनेंगे?' अबीर दुखी स्वर में बोला। अबीर की बात सुनकर मामा जी ने इधर-उधर देखा। वहां पर खड़ी पुलिस की एक गाड़ी पर उनकी नजर पड़ी। वह तेजी से गाड़ी की ओर बढ़ गए। हर्षित डर गया और अबीर से बोला, 'अब तो पुलिस वाले मामा जी को पकड़ लेंगे।'

'तू थोड़ा कम डरा कर।' अबीर अपने दोस्त हर्षित के गाल पर चपत मारते हुए बोला।

मामा जी जब बहुत देर तक पुलिस वालों से कुछ बात करते रहे तो हर्षित से न रहा गया, बोला, 'लगता है पुलिस वालों से मामा जी की बहस हो रही है। चलो, चलकर उन्हें बचाते हैं।'

एक ही पल बाद मामा जी पुलिस इंस्पेक्टर और उसके तीन सिपाहियों के साथ एक दूसरी ओर जाते हुए दिखे। सभी उन लोगों के पास पहुंचे, जो नदी में और उसके आस-पास गंदगी फैला रहे थे। सिपाहियों ने उन लोगों से न जाने क्या कहा कि उनकी बात सुनते ही सभी के चेहरों पर हवाइयां उड़ने लगीं। सबने तुरंत सारा कूड़ा उठाकर मैदान में एक ओर लगे कचरे के डिब्बों में फेंक दिया। कुछ लोग तो अपने आप नदी के किनारे से प्लास्टिक की बोतलें वगैरह उठाकर कूड़े के डिब्बों में डालने लगे, जो उन्होंने फेंकी भी नहीं थी। देखते ही देखते वहां सब साफ-सुथरा नजर आने लगा।

मामा जी एक पेड़ की छांव के नीचे खड़े होकर हंसते हुए बोले, 'तो अब इस स्वच्छ जगह पर बिछा लें हम लोग अपनी चटाई और शुरू करें पेट पूजा?' लेकिन अबीर मामा जी का हाथ पकड़ते हुए बोला, 'पहले आप बताएं कि आपने उन पुलिस वालों से क्या कहा?' 'जब मैंने पुलिस वालों को बताया कि नदी इतनी गंदी हो रही है, इसका पानी काला हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हम तो बहुत मना करते हैं पर कोई मानता ही नहीं है।' 'फिर आपने क्या कहा?' हर्षित ने उत्सुकता से पूछा। 'तो मैंने कहा कि आप उनसे यह क्यों नहीं बताते कि यही पानी, प्रोसेस होने के बाद नलों के द्वारा उनके घरों तक जाता है।' मामा जी गंभीर स्वर में बोले। अबीर ने मासूमियत से पूछा, 'तो क्या सचमुच इस नदी का ही पानी हमारे घरों में आता है?'

'और क्या, तुम्हारे घर की पानी की टंकी को भरने के लिए क्या हर बार बरसात होगी?' मामा जी ने हंसते हुए कहा। मामा जी के साथ अबीर और हर्षित भी हंस पड़े। तीनों ने पेड़ की छांव में बहती ठंडी हवा में अपने साथ लाए भोजन का मजा लिया। जब वहां से उठने लगे तो मामा जी ने ध्यान दिया कि लोग खाना खाकर प्लास्टिक और डिस्पोजेबल प्लेट नदी में नहीं फेंक रहे थे बल्कि अपने साथ लाए थैलों में रख रहे थे।

मामा जी ने नदी की तरफ बहुत ही प्यार से देखा और खुशी के मारे अपनी नम आंखें पोंछ लीं। उन्हें लगा जैसे नदी मुस्कुरा रही है। नदी को लग रहा है कि वो अब हमेशा स्वच्छ-निर्मल रहेगी। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़



## धरती मां हम सबकी मां है

प्राण पले जिसकी गोदी में,
उस पृथ्वी को शीश झुकाएं।
कण-कण रहे सुगंधित इसका,
हरित क्रांति से धरा सजाएं।।
शुद्ध हवा से रोग मरेंगे,
पेड़ों पर चिड़िया चहकेंगी।
तन ताजा हो मन में मस्ती,
फूलों की बगिया महकेंगी।।
खाने को अन्न दिया तुमने,
पीने, अमृत जैसा पानी।
अमृत में विष नहीं घुलेगा,
बहुत हुई अब तक नादानी।।
दूर रहें नदियों से नाले
अलग व्यवस्था करनी होगी
हर जीवन पानी का प्यासा,
सबकी पीड़ा हरनी होगी।।
धरती की हर सांस प्रदूषित,
वर्षों से बीमार बेचारी।
धरती मां हम सबकी मां है,
समझें अपनी जिम्मेदारी।।
स्वच्छ रखेंगे सड़क जलाशय,
मिल-जुल कर करते श्रमदान।
शहर-नगर या गली गांव की,
इनसे बनती अपनी शान।।
हम भविष्य हैं इस पृथ्वी के,
सेवा है संकल्प हमारा।
जहरीला परिवेश हो गया,
पाना है इससे छुटकारा।।
रहें समर्पित जीवन भर,
फिर औरों को भी समझाएं।
एक रोज क्यों मने वर्ष में
हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं।।

## रंग भरो-173



**रंग भरो-173** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





समृद्धि, शहडोल



सौम्य, बालोद



अन्वीक्षा, दुर्ग



आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर



वैदिक, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, डिंपल-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, राशि-दुर्ग, सत्यम-रायपुर, अमन-कोरबा, सक्षम-बिलासपुर, दिव्या-रायगढ़, जतिन-रोहतक, काव्या-महासमुंद, जीविका-बलौदा बाजार, सौम्या-भेपाल, आद्या-हिसार, कुसुम-बिलासपुर, राशि-दिल्ली



## रंग भरो 174



बच्चो, यहां पर 'पृथ्वी दिवस' से जुड़ा एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के सौजन्य से 'सूचना की शुचिता और राष्ट्र निर्माण' विषय पर परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन 18 अप्रैल को किया जाएगा। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में होने वाले इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार हितेश शंकर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई करेंगे। डीडी न्यूज, दिल्ली के वरिष्ठ सलाहकार संपादक अशोक श्रीवास्तव मुख्य वक्ता जबकि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार व संसद टीवी, दिल्ली के वरिष्ठ एंकर डॉ. मनोज वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### जाट सेवक संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**हिसार।** जाट सेवक संघ ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का गठन आगामी तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए संगठन की आमसभा में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। प्रेस सचिव सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि इस अवसर पर संगठन ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के सम्मान एवं परिचय के लिए 20 अप्रैल के जाट धर्मशाला में एक स्वागत समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। नवगठित कार्यकारिणी में संरक्षक राजेश बैनिवाल, प्रधान राजेश बडाला, वरिष्ठ उपप्रधान बलजीत पुनिया, उपप्रधान रविन्द्र फौगाट, डॉ. सुखबीर सिन्धु, महासचिव जोगिन्द्र सिंह पातड़, सचिव एडवोकेट राजेश कालीरावणा, एडवोकेट संजय कुण्डू, कोषाध्यक्ष वेदपाल श्योराण, प्रेस सचिव सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी, संगठन सचिव डॉ. देवेन्द्र मान, मुख्य सलाहकार कुलदीप चौधरी, सलाहकार सदस्य साधु राम जाखड़, सत्यवान पानू, सुनीता रेहडू, हरिओम राठी, ऑडिटर प्रदीप कालीरावण शामिल है।

### सिवानी मंडी में सरसों और गेहूं की खरीद जारी

**सिवानी।** सिवानी अनाज मंडी में सरसों और गेहूं की खरीद कार्य सुचारू रूप से जारी है। अब तक एक लाख 25 हजार 130 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। इनमें से 70 हजार क्विंटल सरसों का उठान (लिफ्टिंग) भी सफलतापूर्वक किया जा चुका है। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों को उनकी सरसों की फसल का उचित समर्थन मूल्य प्रदान किया गया है और भुगतान प्रक्रिया भी पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से की जा रही है। खरीद कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए मंडी प्रशासन की ओर से विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### गुरु जम्भेश्वर विवि में मेगा जॉब फेयर आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 18 अप्रैल से शुरु हो रहे दो दिवसीय मेगा जॉब फेयर 'केरिअर वर्स-2025' में देशभर से 100 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से होने वाली प्लेसमेंट के लिए प्रदेशभर से 2500 से अधिक विद्यार्थियों के भाग लेने की संभावना है। मेगा जॉब फेयर की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि यह मेगा जॉब फेयर विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर है।

### दुकान के गल्ले से 15 हजार नकदी चोरी

**हांसी।** रामलाल कॉलोनी में दुकान पर कोल्डड्रिंक लेने आया एक युवक दुकान के गल्ले में रखी 14800 रुपये नकदी लेकर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर दुकान मालिक वेदप्रकाश की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर युवक की तलाश आरंभ कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में रामलाल कॉलोनी निवासी वेद प्रकाश ने कहा है कि वह 16 अप्रैल को वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान बाइक पर सवार एक युवक दुकान पर आया और उससे कोल्ड ड्रिंक मांगने लगा।

*गांव की बेटी ने छुए लगातार 23 शिखर, मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लगाई गुहार*

# ट्रैक्टर मिस्त्री की बेटी और भारत की सबसे तेज पर्वतारोही की सरकार से नौकरी और सहायता की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ट्रैक्टर मिस्त्री की बेटी और भारत की सबसे तेज पर्वतारोही जिसने एक साथ एवरेस्ट और ल्होत्से दोनों चोटियों को मात्र 20.50 घंटे मे फतेह कर एक नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया लेकिन अनदेखी के चलते अब सरकार से गुहार लगा रही है। गुरुवार को मुख्यमंत्री, खेल मंत्री और अन्य के नाम पत्र लिखकर और ट्वीट कर रीना भट्टी ने सरकार से ए ग्रेड की नौकरी और आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। प्रदेश के हिसार जिले में बरवाला खंड के बालक गांव के एक ट्रैक्टर मकेनिक की बेटी रीना भट्टी सरकार से अपने रिकॉर्ड-तोड़ पर्वतारोहण की उपलब्धियों के लिए उचित मान्यता और लाभ की अपील कर रही हैं  टवीट करते हुए रीना भट्टी ने लिखा कि मैं रीना भट्टी, हिंदुस्तान की सबसे तेज



पर्वतारोही हरियाणा में हिसार के बालक गांव की ट्रैक्टर मिस्त्री की बेटी हूं। दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट और ल्होत्से को एक साथ सबसे कम समय में फतेह कर बीते 5 वर्षों में 20 से ज्यादा देश और विदेश मे चोटियों पर तिरंगा लहराया।

### पांच वर्षों में विश्व की कुल 20 से ज्यादा पर्वत चोटियों को फतेह किया

गौरतलब है कि हिमपुत्री के नाम से प्रसिद्ध रीना भट्टी ने पिछले पांच वर्षों में विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट सहित कुल 20 से ज्यादा पर्वत चोटियों को फतेह किया, जो एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। विश्व स्तर की ये उपलब्धियाँ हासिल करने के बाद अब वह सरकार से ध्यान देने और समर्थन की अपील कर रही हैं। रानी भट्टी ने माउंट एवरेस्ट (दुनिया की सबसे ऊंची चोटी) और माउंट ल्होत्से (चौथी सबसे ऊंची चोटी) को केवल 20.5 घंटे में एक साथ 2024 में फतेह कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और भारत की सबसे तेज़ महिला पर्वतारोही बन गई।

### यूरोप की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा लहरा कर भारत की पहली महीला बनीं

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत, 15 अगस्त 2022 को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस (पश्चिम – 5642 मीटर, पूर्व – 5621 मीटर) को दोनों दिशाओं से 24 घंटे में फतेह कर तिरंगा लहराया।

इसके साथ ही वह भारत की पहली महिला बनीं जिन्होंने स्नो लेपर्ड पीक–पीक लेनिन (7134 मीटर), किर्गिस्तान में फतेह किया। ट्वीट ने रीना ने लिखा कि बीते दिनों बेटियों के लिए आपका स्नेह देख, हिम्मत और उम्मीद जगी हैङ्कबस एक आस है— मेरी उपलब्धियों को भी मान दें, ए ग्रेड नौकरी और आर्थिक सहारा देकर एक बेटी का संबल बनें। एक बेटी को सरकार की पहचान और सहारा चाहिए ताकि आगे की पर्वतारोहण यात्राओं के लिए समर्थन और आशीर्वाद मिलता रहे।

सरकार की पहचान और साथ से एक बेटी और कई बेटियाँ उड़ान भरेंगी। मेरी कामयाबियाँ सिर्फ मेरी नहीं, पूरे देश की जीत हैं। बस ज़रूरत है उन्हें सराहे जाने की, पहचाने जाने की।

उन्होंने आगे कहा कि मैं हरियाणा राज्य की पहली महिला बनी जिसने माउंट कांग यात्से (6270 मीटर) और माउंट जो जोंगो (पश्चिम) (6240 मीटर) को 70 घंटों में फतेह किया और दोनों चोटियों पर तिरंगा लहराया। इसके अलावा, मैंने दुनिया की सबसे तकनीकी चोटी माउंट आमा दबलम (6812 मीटर) को भी सिर्फ़ 5 दिनों में चढ़ा, जो नेपाल में स्थित है।

---

### मुख्यमंत्री नायब सैनी होंगे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

# उचाना में धूमधाम से मनाई जाएगी भक्त धन्ना जाट जयंती : बराला

कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही है और इसके लिए जिलावार बैठकें ली जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश स्तरीय भक्त धन्ना जाट जयंती जींद जिले के उचाना में 20 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही है और इसके लिए जिलावार बैठकें ली जा रही है।

इसी कड़ी में कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने भाजपा जिला कार्यालय में बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता हिसार जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम के हिसार जिला संयोजक हर्ष बामल, हांसी जिला संयोजक रणधीर सिंह धीरू व सह संयोजक कृष्ण सरसाना बैठक में मौजूद रहे।



**हिसार।** भाजपा कार्यालय में बैठक का शुभारंभ करते सांसद सुभाष बराला अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रदेशभर में भक्त धन्ना जाट जयंती समारोह की तैयारियां प्रदेशभर में जोरों पर चल रही है और जनता में कार्यक्रम के प्रति भारी उत्साह है।

मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में पहुंचने पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, अशोक सैनी व अन्य ने राज्यसभा सांसद का स्वागत किया। कार्यक्रम में मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व सांसद डॉ. डीपी वत्स, जिला महामंत्री संजीव रेवड़ी, प्रवीण जैन, मनदीप मलिक, सरोज सिहाग, बहादुर सिंह नगंथला, रविंद्र रॉकी, चहल खाप प्रधान छज्जाराम चहल, जाट धर्मशाला सभा प्रधान संजीव नंबरदार, जाट शिक्षण संस्थान के महासचिव परविन्द्र मलिक, कार्यकारिणी सदस्य विनोद कस्वां आदि व्यक्ति मौजूद रहे।

## होली चाइल्ड स्कूल में हुई कवर आर्ट स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** कवर आर्ट प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए एक रंगारंग कवर आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं और उनकी रचनात्मक क्षमताओं को प्रोत्साहन देती हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने विजेता विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने शानदार भागीदारी निभाई। कक्षा नर्सरी से वंश, श्रृष्टी, नैन्सी ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा एलकेजी से प्रिशा टाक, मयूर, अनवी, मयूक और कुनाल ने अपनी कला का परिचय दिया। कक्षा यूकेजी से आरूषी, विभोर यादव, लव कुमार और कुनाल ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया।

## बरवाला की विभिन्न सडक़ों के पुनर्निर्माण, चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 2414.47 लाख रुपये राशि मंजूर

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि बरवाला विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न सडक़ों के पुनर्निर्माण, चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस राशि से बरवाला हलके की 8 सडक़ों के पुनर्निर्माण, चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण 2414.47 लाख रुपये अनुमानित राशि का भी प्रावधान कर दिया गया है। इन 8 सडक़ मार्गों के अलावा 2 अन्य सडक़ मार्ग के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव भी सरकार को दिया गया है, जो जल्द ही मंजूर हो जाएगा। उन्होंने बताया कि हिसार-बरवाला-टोहाना रोड से जुगलान तक 369.14 लाख रुपये की लागत से 5.18 किलोमीटर सडक़ के सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसी प्रकार खेरी बर्की से किराड़ा तक 264.04 लाख रुपये की लागत की लागत से 3.50 किलोमीटर, किरोड़ी से किराड़ा रोड तक 136 लाख रुपये की लागत से 3 किलोमीटर, लिंक रोड से रेलवे स्टेशन बरवाला तक 796.56 लाख रुपये की लागत से 1.25 किलोमीटर सडक़ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, बरवाला से भैणी बादशाहपुर रोड तक 476.83 लाख रुपये की लागत से 4.83 किलोमीटर सडक़ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण पर खर्च किए जाएंगे।

## पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

**नारनौंद।** होली फील्ड मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद में वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य जगत वत्स में बताया वार्षिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों में 11वीं कक्षा में भूमिका और शुभम  नौवीं कक्षा में प्रतिज्ञा, गुरमीत, रितिका और केशव आठवीं कक्षा में राधिका, अंतिम, कशिश और मनु सातवीं कक्षा में हर्षिता, परी और आईरिस छठी कक्षा में शिवानी, लक्षित ,माही और यश पांचवी कक्षा में सृष्टि, अभिषेक ,निशिता और रवित चौथी कक्षा में प्रीत, रुद्र, हिमांशी,अंशिका, कियांश और अक्षत तीसरी कक्षा में कशिश, पर्व, टिया  और मितांशु दूसरी कक्षा में हरलीन, जय, पूर्वी, और वासु पहली कक्षा में देवांशी प्रभात, जिज्ञासा, मानवी और मनन यूकेजी में अनम, गर्व, कनिका और शिवांश, एलकेजी में अन्वी, दक्ष, दैविक, ताशु और महावीर, नर्सरी में देविका और गुरमीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



**नारनौंद।** होली फील्ड स्कूल के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करते स्कूल के चेयरमैन दिनेश मोर व जयबीर मोर।

## सोनिया व राहुल के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई पर रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी, इंडियन ओवरसिज कांग्रेस के अध्यक्ष सेम पित्रोदा व सुमन दुबे के खिलाफ ईडी की कथित दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने रोष जताया है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के पदाधिकारियों व अन्य अधिवक्ताओं ने कोर्ट कॉम्पलेक्स में बैठक करके ईडी की कार्रवाई के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करके भाजपा की मनमानी बंद करने का आह्वान किया।



**हिसार।** ईडी की कार्रवाई के विरोध में बैठक करते हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के जिलाध्यक्ष रतन सिंह पानू की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, एडवोकेट पवन तुंदवाल, एडवोकेट श्वेता शर्मा,बजरंग इंदल, एडवोकेट ओमप्रकाश धरतवाल, सी. आर. वर्मा, सत्यवान जांगड़ा, विपिन लाडूना, विवेक भार्गव, गौरव टूटेजा, शबनम, मीना तीजारिया, हिमांशु आर्य खोवाल, आशा बहलान, विपिन सलेमगढ़ सहित काफी संख्या में एडवोकेट मौजूद रहे।

## अन्नपूर्णा चोटी को फतेह करने पर पर्वतारोही नरेंद्र का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विश्व की सबसे ऊंची खतरनाक अन्ना पूर्णा चोटी को फतेह करने वाले पर्वतारोही नरेंद्र कुमार का गांव मिंगनीखेड़ा पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया गया।

गांव के सरपंच जंग बहादुर घेऊ, जगदीश फौजी, राजकुमार सूबेदार, मानसिंह बागड़ानिया, रामनिवास घेऊ, सज्जन मिंचू, सुभाष सैनी, राजेंद्र नोखवाल, मोहित घेऊ, ताराचंद नोखवाल, अनिल कड़वासरा, सुनील मल्होत्रा, सुरेंद्र घेऊ आदि गांवों के चौपाल में एक ग्राम पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया। बता दें पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने 7 अप्रैल को विश्व की सबसे खतरनाक अन्नपूर्णा चोटी पर तिरंगा झंड़ा फहराकर देश का नाम रोशन किया था। इसकी ऊंचाई 8091 मीटर है।



पर्वतारोही नरेंद्र कुमार का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## भाजयुमो ने कांग्रेस का पुतला जलाकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भाजपा के युवा मोर्चा भाजयुमो ने शहर के अनाज मंडी चौक पर कांग्रेस पार्टी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन व रोष व्यक्त किया। यह पुतला दहन भाजयुमो के जिला अध्यक्ष हर्ष बमल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर हर्ष बामल ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा नेशनल हेराल्ड मनी लॉनड्रिंग मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है जिसके विरोध में कांग्रेंस पार्टी द्वारा बेबुनियाद विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। ये विरोध प्रदर्शन न केवल कानून व लोकतंत्र का अपमान हैं बल्कि कांग्रेस पार्टी द्वारा गांधी परिवार को जांच से बचाने का राजनीतिक नाटक है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय धुंधवाल, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष गगन शर्मा, एडवोकेट नरेश, वीरेंद्र मेहता, विनोद चौनोट, बबलू कुलचनीय, प्रवीण गुरी, आदित्य आदि मौजूद थे।

*शटरिंग हटाना शुरू करते हुए स्वागत द्वार बीच से लचका*

## महाराजा अग्रसेन स्वागत द्वार के निर्माण में बड़ी लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

नगरपालिका द्वारा मेन रोड़ से 24सी में आने वाले मुख्य रोड पर महाराजा अग्रसेन स्वागत द्वार के निर्माण में बड़ी लापरवाही सामने आई है। गुरुवार को जैसे ही मजदूरों ने नवनिर्मित द्वार की शटरिंग हटाना शुरू किया, द्वार अचानक बीच से लचक गया। सौभाग्यवश इस दौरान कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष सुशील साहू व सचिव संदीप गर्ग मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही द्वार शटरिंग हटाते ही बीच से लचकने लगा, वहां मौजूद लोग जान बचाकर इधर-उधर भागे। हाल ही में इस स्वागत द्वार का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन निर्माण कार्य में उपयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता पर अब सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किए जाने के कारण द्वार शटरिंग हटाते ही गिरने लगा। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।



**उकलाना ।** शटरिंग हटाना के साथ ही बीच से लचका स्वागत द्वार। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका अध्यक्ष सुशील साहूवाला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि माल हल्का हुआ तो ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई होगी और ड्राइंग में कमी हुई तो तकनीकी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दस 10 लाख रुपये की लागत से महाराजा अग्रसेन स्वागत द्वार का निर्माण किया जा रहा था मॉनिटरिंग करना तकनीकी अधिकारियों का काम है। उन्होंने कहा कि किसी जान माल का नुकसान नहीं हुआ यह भी एक गनीमत है। उधर, नगरपालिका सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि यदि जांच में सामग्री की गुणवत्ता में कोई कमी पाई जाती है।

*संविधान केवल दस्तावेज नहीं, लोकतंत्र की आत्मा : राकेश*

# राजकीय पॉलिटेक्निक में स्वयंसेवकों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी आदमपुर

राजकीय पॉलिटेक्निक में गुरुवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली, जिससे संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता प्रकट हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य कुलवीर सिंह अहलावत ने की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान की सराहना की।एनएसएस अधिकारी राकेश कुमार शर्मा ने संविधान की प्रस्तावना के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को इसके मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। डॉ. अंबेडकर ने हमें जो अधिकार और कर्तव्य दिए हैं, उन्हें समझना और उनका पालन करना हर नागरिक का दायित्व है। इस अवसर पर एनएसएस सह-समन्वयक रमेश कुमार, डॉ. विष्णु कुमार, मोहित जिंदल और नितिका गुप्ता सहित अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।




**मंडी आदमपुर।** संविधान की प्रस्तावना की शपथ लेते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने सुनी जन समस्याएं

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में गुरुवार को समाधान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। शिविर में कुल पांच जन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। जन समाधान शिविर में रखी शिकायतों को एसडीएम ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली।

### शराब के ठेके पर युवक पर जानलेवा हमला

**बरवाला।** गांव मतलोढा निवासी परमजीत उर्फ गोलू (26 वर्ष) पर कुंभा रोड स्थित शराब ठेके पर एक दर्जन से अधिक युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में घायल परमजीत को पहले सीएचसी बरवाला लाया गया जंहा पर गंभीर हालत को देखते हुए उसे नागरिक अस्पताल हिसार रेफर किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने घायल परमजीत के ब्यान पर नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करके कार्रवाई आरंभ कर दी है।

### विद्यालय चोरी, इनवर्टर की दो बैटरियां चोरी

**नारनौंद।** गांव मोठ स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में चोरी की घटना सामने आई है। प्रधानाचार्य ने इसकी शिकायत नारनौंद थाना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्कूल में पहले भी कई बार चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। स्कूल के प्रधानाध्यापक नरेंद्र सिंह ने बताया कि स्कूल में 12 से 14 तक तीन दिन की छुट्टी के बाद 15 अप्रैल की सुबह जब सफाई कर्मी स्कूल पहुंचा तो कार्यालय का ताला टूटा हुआ मिला। दरवाजा खोलने पर पता चला कि कमरे में रखी इनवर्टर की दो बैटरियां गायब हैं।

### परिवाद समिति की बैठक 21 अप्रैल को

**हिसार।** जिला लोक सम्पर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक 21 अप्रैल को बाद दोपहर 3:30 बजे होगी। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। बैठक का आयोजन स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में होगा।

### 17 बुजुर्गों के किए फ्री ऑपरेशन

**हिसार।** ऋषि देव जैन मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। स्वर्गीय श्री ऋषि देव जैन जी की 12वीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में आयोजित किए गए इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने 17 लोगों के सफल नेत्र ऑपरेशन करके नेत्र ज्योति प्रदान की। इस दौरान सुरेंद्र कुच्छल, रामनिवास अग्रवाल सीए, मांगेराम गुप्ता, अशोक शर्मा, ईश्वर गोयल बड़ोपलिया, जगमोहन जिंदल, लवनीश जैन मौजूद रहे।

## जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई ने बैठक में लगाई गुहार

# जेपी से बोले अधिकारी- नीति बदलवाओ समय से नहीं हो पा रहे जनता के काम

अधिकारी ने कहा कि पहले वाला ही सिस्टम ठीक था। जब हम कोई फैसला ही नहीं ले सकते तो हमें यहां बैठा ही क्यों रखा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक अध्यक्षता करते हिसार लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयप्रकाश। *फोटो : हरिभूमि*

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को सरकार की बनाई पॉलिसी रास नहीं आ रही और वे पॉलिसी में बदलाव के लिए विपक्ष के सांसद से गुहार लगा बैठे। अधिकारी यहीं नहीं रुके उन्होंने यह तक भी कह डाला इससे तो पहले वाला ही सिस्टम ठीक था। जब हम कोई फैसला ही नहीं ले सकते तो हमें यहां बैठा ही क्यों रखा है।

हुआ यूं कि लघु सचिवालय के मुख्य सभागार में गुरुवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी कमेटी (दिशा) की बैठक थी। इसकी अध्यक्षता हिसार लोकसभा से कांग्रेस सांसद एवं दिशा कमेटी के चेयरमैन जयप्रकाश कर रहे थे। इस दौरान सांसद जयप्रकाश ने केंद्र तथा राज्य सरकार की नीतियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनस्वास्थ्य विभाग की जुड़ी योजनाओं का अपडेट लेना शुरू किया। जयप्रकाश ने आदमपुर विधानसभा क्षेत्र में पेयजल व सीवरेज लाइन डालने में हो रही देरी पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई आरके शर्मा से जवाब-तलबी की। इस पर एसई शर्मा ने सफाई देते हुए कि पहले सिस्टम अलग था और अब सिस्टम अलग है। पहले कई पॉलिसी ऐसी होती थी, एसई स्तर का अधिकारी उन्हें करने में सक्षम होता था, लेकिन अब सिस्टम में बदलाव किया गया है, यह ठीक नहीं है। सिस्टम की नई प्रक्रिया से नाराज दिखाई दे रहे एसई शर्मा ने तर्क दिया कि नए सिस्टम के कारण विकास कार्यों शुरू कराने से उसे पूरा कराने में ज्यादा समय लग जाता है और जनता को लंबे समय तक तक परेशानी झेलनी पड़ती है। एसई आरके शर्मा यहीं नहीं रूके और उन्होंने कह डाला कि जब एसई स्तर पर अधिकारी कोई निर्णय नहीं ले सकता तो उसे बैठा ही क्यों रखा है।

बैठक में एसई शर्मा ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि वन विभाग की कई पॉलिसी विकास कार्यों में अड़चन बनी रहती है और संबंधित विभाग वन विभाग से एनओसी लेने के इंतजार में बैठे रहते हैं। एसई ने सांसद जयप्रकाश से कहा कि आप इस मुद्दे को भारत सरकार व संसद में उठाएं और सिस्टम में बदलाव करवाए। इसी बीच सांसद जेपी ने कहा कि आज एक पेट्रोल पंप लगाना भी बड़ा काम हो गया है। एक प्रोजेक्ट में वन विभाग के दो पेड़ बीच में आ जाए तो प्रोजेक्ट दो-दो साल तक अटके रहते हैं। एसई आरके शर्मा ने भी कांग्रेस सांसद के सुर में सुर मिलाते हुए कहा कि जब पेड़ काटना ही है तो उसे छह महीने तक रखने से क्या हो जाएगा। इस चर्चा के बीच सांसद जयप्रकाश ने एसई शर्मा को निर्देश दिए कि बारिश से पहले आदमपुर में पेयजल, सीवरेज तथा सड़क निर्माण के सभी कार्य पूरे करवा दिए जाएं ताकि मानसून सीजन में जनता परेशान न हों। इस पर एसई ने बताया कि इन सभी कार्यों को चार महीने में पूरा कराने को लेकर संबंधित विभाग प्रदेश के मुख्य सचिव को एफिडेविट देकर आए हैं।

### सर्विस रोड बनाने का प्रस्ताव भेजा

बैठक में सांसद जेपी को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अवगत करवाया गया कि ओम इंस्टीटूट से तलवंडी राणा तक के मार्ग के दोनों ओर रास्ते तथा आवागमन को बेहतर बनाने की दिशा में सर्विस रोड बनाने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेज दिया गया है। इसी प्रकार से आजाद नगर में अर्बन हेल्थ सेंटर बनाने को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द जगह चिन्हित करते की हिदायत दी।

### इन योजनाओं की समीक्षा

दिशा कमेटी के चेयरमैन जयप्रकाश ने बैठक में रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, टेलीकॉम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, ई-नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री रोजगार सजृन कार्यक्रम, सुग्मय भारत अभियान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय किसान विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियिम, काडा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सर्व शिक्षा अभियान, बाल विकास योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना, सांसद निधि, आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्घा, नगर निगम आयुक्त नीरज कुमार, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरबीर सिंह, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल, बरवाला के एसडीएम डॉ. वेद प्रकाश बेनीवाल सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

## तालाब में डूबे युवक का 26 घंटे बाद शव मिला



**हांसी।** तालाब से शव बाहर निकालते गोताखोर व फायर ब्रिगेड की टीम तथा घटनास्थल पर परिजनों के बयान दर्ज करती पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

- गर्मी के चलते तालाब में नहाने गया था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

गांव बास आजम शाहपुर में बुधवार दोपहर गर्मी से निजात पाने के लिए तालाब में नहाने गए 35 वर्षीय मिस्त्री संदीप की तालाब में डूबने से मौत हो गई। गोताखोर व फायर ब्रिगेड कर्मियों ने करीब 26 घंटे बाद तालाब से युवक का शव निकाला। पुलिस ने तालाब से निकाले गए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु हांसी नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां पुलिस ने परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

गौरतलब रहे कि बास आजमशाह पुर निवासी 35 वर्षीय संदीप बुधवार दोपहर को गर्मी से राहत पाने के लिए तालाब में नहाने के लिए गया था। कुछ देर किनारे पर नहाने के बाद वह अचानक गहरे पानी में उतरता चला गया। गहरे पानी में डूबने लगा इस दौरान एक राहगीर ने उसे डूबते देखा तो आसपास के लोगों को आवाज लगाई। इसके बाद मौके पर पहुंचे कुछ ग्रामीण युवाओं ने तालाब में छलांग लगाकर संदीप को बचाने का प्रयास किया लेकिन तालाब की गहराई अधिक होने के कारण वे उसे बचाने में असफल रहे। युवक के तालाब में डूबने की सूचना मिलने बाद डीएसपी राज सिंह, बास थाना प्रभारी इंस्पेक्टर पवित्र कुमार ने पुलिस बल सहित मौके पर पहुंच गोताखोर व फायर ब्रिगेड टीम को मौके पर बुलाया और गोताखोर व फायर ब्रिगेड की टीम ने बुधवार देर रात तक तालाब में सर्च अभियान चलाया लेकिन तालाब से शव बरामद नहीं हुआ जिसके बाद पुलिस ने गुरुवार सुबह फिर से तालाब में सर्च अभियान चलाया लेकिन शव बरामद नहीं हुआ तो दोपहर करीब 1 बजे फतेहाबाद के भूना से एक विशेष गोताखोर को बुलाया गया। उस गोताखोर ने मात्र 20 मिनट में तालाब से संदीप का शव ढूंढ निकाला। फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से शव को तालाब बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए हांसी नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### प्राथमिकता के आधार पर लोगों का काम करें

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली ने गुरुवार को नगर निगम के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले वे हाउस टैक्स शाखा में पहुंचे। वहां पर मौजूद नागरिकों की समस्या सुनी। मेयर प्रवीण पोपली ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों का कर्मचारी प्राथमिकता के आधार पर कार्य करे। इसके बाद मेयर प्रवीण पोपली ने टोल फ्री नम्बर 14420 व नगर निगम के लैंडलाइन नम्बर पर आने वाली शिकायतों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने यह भी जाना कि प्रतिदिन कितनी शिकायतें कितनी आ रही है और उनमें से कितनी का समाधान हो रहा है। सभी शिकायतों का रिकॉर्ड बनाने को कहा।

## जिंदल स्टेनलेस ने पेश किया अपना नया एम्प्लॉई वेल्यू प्रोपोजिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिंदल स्टेनलेस ने एक वीडियो के माध्यम से अपने नए व प्रभावशाली एम्प्लॉई वेल्यू प्रोपोजिशन (ईवीपी) का अनावरण किया। वीडियो में कंपनी के पांच ईवीपी सिद्धांतों- सीखने के अवसर, लीडर्स का विकास, स्टेनलेस स्टील उद्योग के बारे में जानकारी, सामुदायिक भावना और प्रयोग करने की स्वतंत्रता को दर्शाया गया है। वीडियो में इस बात पर ज़ोर दिया गया है कि कैसे ये सिद्धांत कंपनी की परिचालन प्रक्रिया में समाए हुए हैं और कैसे इन्होंने जिंदल स्टेनलेस में आए परिवर्तनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिनकी वजह से केवल तीन वर्षों में कंपनी का कारोबार 2.4 अरब अमेरिकी डॉलर से 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है और भविष्य में इसके कई गुणा बढ़ने की संभावनाएं हैं। इस अवसर पर जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जिंदल स्टेनलेस की प्रगति देखकर मुझे बहुत गर्व होता है। यह गर्व सिर्फ अच्छे आंकड़े देखकर नहीं, बल्कि प्रगति हासिल करने तरीके को लेकर भी होता है। हमारे कर्मचारी हर मामले में आगे रहे हैं। इस वीडियो में हमारी कंपनी के कुछ असाधारण व्यक्तियों को दिखाया गया है जिन्होंने चुनौतियों को पार करते हुए उपलब्धियां हासिल कीं और विचारों को व्यवहारिक रूप दिया।


अभ्युदय जिंदल, प्रबंध निदेशक।


**हिसार।** बुजुर्ग को सम्मानित करते हुए।

### खेड़ी लोहचब की चौपाल में बुजुर्गों को सम्मानित किया गया

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय संस्था जेसीआई के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में कार्यरत विज्ञान अध्यापक कर्मपाल सिंह श्योराण और परिवार सदस्यों ने गांव खेड़ी लोहचब की चौपाल में गांव के सभी बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान गुरुवार को कर्मपाल श्योराण ने अपने ताऊ चौधरी फकीर चंद की चतुर्थ पुण्य तिथि पर आयोजित किया। इस मौके पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि अमरदीप, पूर्व सरपंच हरिकेश, राज सिंह, बलराज सरोय, हरिकिशन धारीवाल, जिले सिंह, बलवान सिंह जांगड़ा, रिटायर्ड ठंडीराम जांगड़ा, पृथ्वी सिंह, रामकुमार, रामभगत, रिटायर्ड फकीरचंद मास्टर उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### वाद विवाद प्रतियोगिता में नेहरू सदन में मारी बाजी



**हिसार।** रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के बीच एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 'एक समान आयात शुल्क' व 'एक देश एक चुनाव' नामक दो विषयों पर आधारित थी। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों बोस, नेहरू, विवेकानंद व टैगोर के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के मंच संचालन में कुमारी अंतिम व निर्णायक मंडल में नासिर और श्वेता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रथम दौर में 'एक समान आयात शुल्क' विषय पर विवेकानंद तथा नेहरू सदन आमने-सामने हुए और अपनी प्रखरता के कारण नेहरू सदन प्रथम दौर में विजयी रहा। अंतिम व निर्णायक दौर के लिए बोस तथा नेहरू सदन के बीच 'एक देश एक चुनाव' विषय पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। अंततः नेहरू सदन ने जीत हासिल करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और बोस सदन द्वितीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर स्कूल

### एक देश एक चुनाव समिति ने मेयर पोपली से मांगा समर्थन



**हिसार।** एक देश एक चुनाव के समर्थन में भाजपा हिसार जिला संयोजक कृष्ण खटाना एडवोकेट ने नगर निगम कार्यालय में मेयर प्रवीण पोपली से मिलकर उन्हें नगर निगम की ओर से हाउस की बैठक में एक देश एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया हैं। जिला संयोजक कृष्ण खटाना ने इस अवसर पर कहा कि देश में लोकसभा और विधान सभा के चुनाव एक साथ होंगे तो यह राष्ट्र हित में बहुत बड़ा कदम होगा। समिति इस विषय में जनप्रतिनिधियों से इसके पक्ष में समर्थन जुटा रही हैं, यह उसी मुहिम का एक हिस्सा हैं। मेयर प्रवीण पोपली ने इस मुहिम में समिति को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया।

### आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार रहा लगातार दूसरी बार विजेता




**हिसार।** आर्मी पब्लिक स्कूल में आयोजित दक्षिण पश्चिमी कमान इंटर आर्मी पब्लिक स्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप में मेज़बान हिसार की टीम ने लगातार दूसरी बार खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। फाइनल मुकाबले में हिसार ने दमदार प्रदर्शन करते हुए आर्मी पब्लिक स्कूल भठिंडा को 4-0 से पराजित किया। भठिंडा की टीम दूसरे स्थान पर रही। सबसे ज्यादा गोल करके गोल्डन बूट का खिताब आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार के खिलाड़ी अमन सिंह सिसोदिया ने जीता और सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर भी आर्मी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी मोहित सिंह रहे। हिसार की टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में रही और फाइनल में भी उसी आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। टीम ने आक्रमण और रक्षात्मक दोनों ही मोर्चों पर बेहतरीन तालमेल दिखाया। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में


**हिसार।** मेहंदी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के साथ कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### अभिव्यक्ति का माध्यम हैं ललित कलाएं : प्रो. बिश्नोई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि ललित कलाएं भावनाओं की अभिव्यक्ति का एक शानदार माध्यम हैं। ललित कलाएं केवल कलाकार का कौशल नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण तथा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों का प्रतिबिंब भी होती हैं।

प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के स्टूडेंट क्लब फॉर फाइन आर्ट के सौजन्य से अभिव्यंजना कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि विभिन्न स्टूडेंटस क्लबों के माध्यम से गुजविप्रौवि ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता के साथ-साथ उनके अन्य सृजनात्मक कौशल को भी मंच देने का प्रयास किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब मेंटर प्रो. मीनाक्षी भाटिया ने की। प्रो. मीनाक्षी भाटिया ने बताया कि अभिव्यंजना कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग, कोलाज, पेंटिंग, मेहंदी, रंगोली व क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निर्णायक की भूमिका प्रो. सुमित्रा सिंह, प्रो. हिमानी शर्मा, प्रो. सुनीता रानी व डा. अंजू गुप्ता ने निभाई।

## कंवारी गांव में बनेगा अत्याधुनिक पशु चिकित्सा अस्पताल : भयाना

- विधायक ने नारियल तोड़ किया निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी


**हांसी।** पशु अस्पताल के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक विनोद भयाना।

उपमंडल के गांव कंवारी में पशुपालकों की पुरानी मांग आखिरकार को पूरा करने के लिए विधायक विनोद भ्याना ने गुरुवार को पशु चिकित्सा अस्पताल के निर्माण कार्य का नारियल तोड़ विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर विधायक विनोद भयाना ने बताया कि लगभग 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह अस्पताल आगामी 6 महीनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। यह चिकित्सा केंद्र पशुपालकों के लिए मील का पत्थर साबित होगा, जिससे उन्हें अपने पशुओं के इलाज के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। चिकित्सा सुविधाएं अब उनके द्वार के समीप ही उपलब्ध होंगी। भयाना ने कहा कि कंवारी गांव के लोग लंबे समय से पशु चिकित्सा अस्पताल की मांग कर रहे थे, जो आज पूरी हो गई है। पशु अस्पताल के निर्माण कार्य के शुभारंभ के उपरांत विधायक भयाना ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर कंवारी गांव के सरपंच मंदीप, बलवंत नंबरदार, पूर्व सरपंच राजेश धमाणा मौजूद रहे।

## तंबाकू से दूर रहें विद्यार्थी : डॉ. स्वीटी

- राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूल में करवाई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थी पोस्टर दिखाते हुए।

राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) धांसू द्वारा गांव के राजकीय कन्या सीनियर सैंकेडरी स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर पीएचसी धांसू की दंत चिकित्सक डॉ. स्वीटी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तंबाकू आदि से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों को ब्रुश करने का सही तरीका बताया। डॉ. स्वीटी ने मुख कैंसर से पूर्व मुंह में होने वाले बदलाव जैसे लाल व सफेद रंग के चतके, लंबे समय से मंह के छालों का ठीक न होना, निगलने में परेशानी, मुंह में जलन मुंह का पूरा न खुलाना आदि लक्षण और उनसे बचाव का तरीका बताया। डॉ. स्वीटी ने कहा कि तंबाकू के सेवन से मुख संबंधी अनेक बीमारियों का खतरा बना रहता है, इसलिए तंबाकू आदि के सेवन से बचना चाहिए। इस मौके पर पोस्टर मेकिंग के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के मुख्य मोहनलाल, नीरज उपस्थित रहे।

## दौरे का उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों की हकीकत को समझा

# मिजोरम टीम ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण

- सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान की समीक्षा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करती मिजोरम टीम। *फोटो : हरिभूमि*

पोषण अभियान के अंतर्गत सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान की समीक्षा के लिए मिजोरम राज्य से आई चार सदस्यीय विशेष टीम ने हरियाणा के हिसार जिले का दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केन्द्रों की जमीनी हकीकत को समझना, बच्चों के पोषण स्तर की निगरानी और पोषण ट्रैकर ऐप के उपयोग की समीक्षा करना था। मिजोरम की इस टीम में महिला एवं बाल विकास विभाग के सर्किल अधिकारी ललथनसांगा सैलो, अकाउंटेंट वनलालछनछुआही, पोषण 2.0 से त्लांगथियांघलीमी ख्वलहिंग और राज्य ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग से बेंजामिन वानलालरूआटा शालिम शामिल रहे।

इस टीम ने जिले के गांव सिसाय कालीरावण, बीड़ हिसार तथा बालक का दौरा किया।

दौरे के दौरान टीम ने आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की लंबाई और वजन का माप लेकर उसे पोषण ट्रैकर ऐप पर अपडेट किया। गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं से राशन वितरण, पोषण सेवाएं और स्थानीय समस्याओं को लेकर सीधी बातचीत भी की। टीम ने सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन प्रोग्राम, ग्रोथ मॉनिटरिंग और केन्द्रों की बुनियादी सुविधाओं की गहराई से जांच की।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिले की महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी अनीता दलाल, सुशीला, सरिता, सुमन, जिला समन्वयक जिनेश, सुपरवाईजर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।